**भारत सरकार**
**संस्कृति मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2512**
**उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 01 अगस्त, 2022**
**10 श्रावण, 1944 (शक)**

## ऐतिहासिक धरोहर संरचनाओं के रखरखाव हेतु सीएफए

**2512. श्री अशोक कुमार यादव:**
**श्री कौशलेन्द्र कुमार:**
**श्री सुखबीर सिंह जौनापुरिया:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पर्यटन के विकास और ऐतिहासिक धरोहर संरचनाओं के रखरखाव के लिए राज्यों को कोई केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान की जाती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और गत पांच वर्षों के दौरान बिहार और राजस्थान को जारी और व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का बिहार के मधुबनी, दरभंगा और नालंदा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में संरचनाओं के रखरखाव और पर्यटन विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करने का विचार है और इस संबंध में राजस्थान के टोंक और सवाई माधोपुर जिलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) स्वीकृत निधि में से व्यय की गई और अप्रयुक्त राशि कितनी है और उन ऐतिहासिक धरोहरों के नाम क्या हैं जिनके लिए उक्त राशि जारी की गई थी; और

(ङ) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा बिहार के नालंदा जिले में अन्य ऐतिहासिक धरोहरों की पहचान के लिए उत्खनन कार्य किया जा रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री**
**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी, हां। सरकार, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के माध्यम से राज्यों में स्थित प्राचीन असंरक्षित स्मारकों का संरक्षण करती है। इसके अलावा पर्यटन मंत्रालय द्वारा संचालित अन्य स्कीमों जैसे स्वदेश दर्शन और तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) के तहत भी केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

(ख): पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिहार और राजस्थान में परियोजनाओं और स्वदेश दर्शन और प्रसाद स्कीम के तहत किए गए व्यय का ब्यौरा **अनुबंध-'क'** में दिया गया है। बिहार में 70 और राजस्थान में 163 केंद्रीय संरक्षित स्मारक और स्थल हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा आवश्यकता और निधियों की उपलब्धता के अनुसार आवश्यक संरक्षण कार्य किया जाता है। संरक्षण और विकास कार्यों पर किया गया व्यय और आवंटन का ब्यौरा इस प्रकार है:

बिहार राज्य

(राशि लाख रुपए में)

| वर्ष | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|
| 2017-18 | 195.00 | 195.00 |
| 2018-19 | 176.00 | 175.98 |
| 2019-20 | 155.00 | 145.45 |
| 2020-21 | 123.00 | 123.00 |
| 2021-22 | 335.00 | 335.00 |

राजस्थान राज्य

(राशि लाख रूपए में)

| वर्ष | आवंटन | व्यय |
|---|---|---|
| 2017-18 | 625.00 | 625.00 |
| 2018-19 | 705.00 | 705.00 |
| 2019-20 | 1030.00 | 1028.00 |
| 2020-21 | 1150.00 | 1150.00 |
| 2021-22 | 1203.32 | 1203.32 |

(ग) से (ड.): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पास ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

**अनुबंध-क**

**लोक सभा में दिनांक 01.08.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न सं. 2512 के भाग (ख ) के उत्तर में निर्दिष्ट अनुबंध।**

## स्वदेश दर्शन योजना

**(करोड़ रूपए में)**

| राज्य का नाम | सर्किट | स्वीकृति का वर्ष | परियोजना का नाम | अनुमोदित लागत | निर्गत लागत | उपयोग की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिहार | ग्रामीण सर्किट | 2017-18 | भितिहारवा-चंद्रहिया-तुरकौलिया का विकास | 44.65 | 35.72 | 25.48 |
| बिहार | आध्यात्मिक | 2017-18 | मंदार हिल और अंग प्रदेश का विकास | 44.55 | 40.85 | 38.12 |
| राजस्थान | विरासत सर्किट | 2017-18 | राजसमंद का विकास (कुंभलगढ़ किला) - जयपुर (जयपुर और नाहरगढ़ किला में झरना प्रदीप्तिकरण) झालावाड़ (गगरोन किला) - चित्तौड़गढ़ (चित्तौड़गढ़ किला) - जैसलमेर (जैसलमेर किला) हनुमानगढ़ (गोगामेड़ी) उदयपुर (प्रताप गौरव केंद्र) धौलपुर (बाग- । - निलोफर और पुरानी छावनी) नागौर (मीरा बाई स्मारक, मेड़ता) - टोंक (सुनेहरी कोठी) | 70.61 | 56.57 | 55.20 |